## खबर संक्षेप



### 5 जुआरी पकड़ाए, 33500 रूपए सहित 5 बाइकें की गई जब्त

**कटनी।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने जुआ खेलते आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। फड़ से बड़ी मात्रा में नकदी रूपये भी जब्त किये गये हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामपुर परासी हार में चल रहे जुआफड़ में दबिश दी गई। जुआ खेलते महेश पिता प्रेमलाल चक्रवर्ती, रितेश पिता अनंत राम बर्मन, भीम पिता कैलाश ठाकुर तीनों निवासी ग्राम झिन्नापिपरिया , दिलीप पिता संतोष बर्मन निवासी ढीमरखेड़ा, इंद्र कुमार प्रताप प्रीतम पटेल निवासी बांध , अजय पिता झरी लाल चक्रवर्ती निवासी सिमरिया को पकड़ा गया। पुलिस ने 33500 नगदी सहित 5 मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं।

### विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि प्राप्त करने में मिलेगा विशेष सहयोग

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक इस स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में शोध केंद्र की स्थापना चार विषयों में हिंदी, राजनीति शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं वाणिज्य संख्या में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा किया गया है। शोध केंद्र की स्थापना होने से कटनी जिले के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पीएचडी उपाधि प्राप्त करने में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। शोध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर माधुरी गर्ग ने बताया कि शोध केंद्र की स्थापना समाज और शैक्षिक व्यवस्था के बौद्धिक विकास की आधारशिला है शोध केंद्र के माध्यम से नए तथ्यों सिद्धांतों और अवधारणाओं का विकास होगा विद्यार्थियों के चिंतन विश्लेषण क्षमता और नवाचार की प्रवृत्ति में निरंतर वृद्धि होगी उनमें आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत होगा। शोध केंद्र की स्थापना कटनी जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कटनी जिले के समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

### एसपी ने पुलिस कर्मियों का बदला कार्यक्षेत्र

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने उपनिरीक्षकों एवं पुलिस कर्मियों के तबादला के आदेश जारी किए हैं। जारी सूची के अनुसार जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों में पदस्थ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। उपनिरीक्षक विष्णु शंकर जायसवाल को चौकी प्रभारी सिलौंडी को थाना बड़वारा पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार उपनिरीक्षक योगेश मिश्रा को लाइन से थाना माधवनगर, उपनिरीक्षक लेख सिंह को थाना बड़वारा से थाना कैमोर भेजा गया है। उपनिरीक्षक नवीन नामदेव को थाना माधवनगर से थाना बरही पदस्थ किया गया है। उपनिरीक्षक अनिल पाण्डेय को थाना कैमोर से चौकी प्रभारी सिलौंडी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा को थाना कोतवाली से रक्षित केंद्र में पदस्थ किया गया है।

### अलग अलग कारणों से दो महिलाओं की मौत

**कटनी।** अलग अलग कारणों से दो महिलाओ की मौत हो गई। जानकारी अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र एक महिला की जहर पीने से उपचार दौरान जबलपुर में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। बताया जाता है कि दिशा कोहली 29 वर्ष निवासी वेंकेट वार्ड शास्त्री कॉलोनी ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला की पेटदर्द की दवा खाने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार शिव कुमारी पति अजय चक्रवर्ती 28 साल निवासी ग्राम पाली की पेट दर्द की दवा खाने के बाद मौत हो गई है।

### इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों पर विधायक निवास का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी

# राजनीति के अजब रंग : विपक्ष ने मौतों के मामले में घंटा बजाकर प्रदर्शन किया तो भाजपा ने बजाये भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





राजनीति का सियासी खेल भी अजब रंग दिखाता है। कोई जुबानी हमलावर होता है तो कोई धरना प्रदर्शन कर अपनी भड़ास निकालता है। रविवार को जिले में सत्ता पक्ष और विपक्ष का इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में अपने अपने तरीके से अलग अलग रंग देखने मिला। विपक्ष मौतों के मामले में मुड़वारा विधायक के यहां घेराव प्रदर्शन करने घंटा बजाते हुए पहुंचा तो वहां साउंड सिस्टम बजाया गया। भाजपा और कांग्रेस के बीच ऐसी ऊहापोह की स्थिति निर्मित हो गई कि पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।

दरअसल इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुईं 16 मौतों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर रविवार को कटनी में कांग्रेसजन मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के घर का घेराव करने पहुंचे लेकिन जब वहां पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक निवास पर बड़े साउंड सिस्टम लगा दिए। जैसे ही कांग्रेस की नारेबाजी शुरू हुई, भाजपा की ओर से तेज आवाज में आरती और धार्मिक भजन बजने लगे। करीब दो घंटे तक मौके पर तनाव बना रहा, जिसके बाद हालात बिगड़ते देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाना पड़ा।

रविवार दोपहर के समय शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, महिला जिलाध्यक्ष और युवा कांग्रेस महासचिव दिव्यांशु मिश्रा की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसी विधायक के घर पहुंचे। कार्यकर्ता अपने साथ 'घंटे' लेकर आए थे, जिन्हें बजाकर वे सरकार के खिलाफ विरोध जता रहे थे। जैसे ही कांग्रेस की नारेबाजी शुरू हुई भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े साउंड सिस्टम से तेज आवाज में आरती और धार्मिक भजन बजने लगे। एक तरफ नारेबाजी और घंटों का शोर था तो दूसरी ओर भजन। इससे माहौल गरमा गया, इस बीच दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

#### भ्रष्टाचार छिपाने राम नाम का सहारा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि वे इंदौर की घटना पर शांतिपूर्ण तरीके से विधायक से बात करने गए थे, लेकिन विधायक ने चर्चा करने के बजाय लाउडस्पीकर चलाकर उनकी आवाज दबाने की कोशिश की। युवा कांग्रेस नेता दिव्यांशु मिश्रा ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार छिपाने के लिए राम नाम का सहारा ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंदौर में लोग मर रहे हैं और जब वे साफ पानी मांग रहे हैं, तो विधायक भजनों के पीछे छिप रहे हैं। अंशु मिश्रा ने कटनी की सीवर लाइन और जल व्यवस्था में कमीशनखोरी के बड़े आरोप लगाए।

#### घंटा मंदिर एवं भक्ति की वस्तु

दूसरी ओर विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने आने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी थी। उन्होंने तर्क दिया कि ₹घंटा₹ मंदिर और भक्ति की वस्तु है, उसे सड़क पर बजाना ठीक नहीं है। विधायक ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि कांग्रेसी घंटा लेकर आ रहे हैं, तो उन्होंने भगवान श्री राम की तस्वीर रख दी ताकि उसे सही जगह बजाया जा सके। शहर की जल व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि प्रशासन अलर्ट है और समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है।

विधायक निवास पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं हंगामे के दौरान कोतवाली समेत कई थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। तहसीलदार के मुताबिक कांग्रेस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन की जानकारी दी थी, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और कार्यकर्ताओं को विधायक निवास से दूर किया गया।

### अलग अलग स्थानों से जब्त की गई अवैध शराब

**कटनी।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ पुलिस ने वार्ड क्रमांक 04 में रहने वाले कोदूलाल कुम्हार पिता चौधरिया कुम्हार 62 साल के पास से 24 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रूपये जब्त की है। इसी तरह कुठला पुलिस ने ग्राम बडखेरा बगीचा में सौरभ सिंह ठाकुर उर्फ लाली पिता स्वर्गीय थान सिंह ठाकुर 23 वर्ष निवासी बडखेरा के पास से 19 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1900 जब्त की है। इधर रंगनाथ नगर पुलिस ने झर्राटिकुरिया मंदिर ग्राउण के पीछे सागर वंशकार पिता अजय वंशकार 19 वर्ष निवासी लक्ष्मी चौक झर्रा टिकुरिया के पास से 33 पाव देशी लाल मशाला शराब कीमती 3300 रूपये जब्त की है। उधर स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम धूरी खिरहनी में गजराज उर्फ गज्जू पटेल पिता स्व.नयनसुख पटेल 34 साल निवासी ग्राम धूरी के पास से 20 पाव देशी प्लेन मदिरा शराब कीमती 2000 रुपये जब्त की। इसी तरह ग्राम खिरहनी बगीचा के पास रमेश टीपा पिता स्व. राजाराम टीपा 57 साल निवासी ग्राम खिरहनी से 18 पाव देशी प्लेन शराब कीमती करीबन 1800 रुपये जब्त की है। सभी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

*गुर्गों के माध्यम से गांव गांव वाहनों से पहुंचाई जा रही शराब की खेप*

# शराब की अवैध बिक्री पर नहीं लग पा रही लगाम, सेटिंग से बेरोकटोक कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी हो ग्रामीण थाना क्षेत्र शराब की अवैध बिक्री का कारोबार बेरोकटोक चल रहा है। राजनीतिक पकड़ और सांठगांठ कर माफियाओं द्वारा शराब की अवैध बिक्री से चांदी काटी जा रही है। दिखावे के लिए छुट पुट कार्यवाही कर पुलिस वाहवाही लूट रही है जबकि शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है। दरअसल शराब दुकानों के अपने नियम कायदे है। तय अनुबंध के तहत देशी या अंग्रेजी दुकानों से शराब केवल अनुमति वाले अड्डे से बेंची जा सकती है लेकिन अधिक मुनाफे के लिये शराब ठेकेदारों ने अपना ही संविधान लागू कर रखा है। माफियाओं की तगड़ी सेटिंग से गांव-गांव अवैध शराब बेरोकटोक बिक रही है।

शराब की अवैध बिक्री से जेबें तो अफसर और ठेकेदारों की भर रही है लेकिन शहर से गांव तक नित दिन पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। जिले में अधिकारियों के तबादला व पदस्थापना तो होते ही रहते हैं लेकिन शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने में कोई भी सक्षम नहीं साबित हो पा रहा है। हालात दिनों दिन ज्यादा बदतर होते जा रहे हैं। गांव-गांव संचालित पैकारियों से कमीशन भी फिक्स किया गया है। कमीशन इसलिये दिया जाता है कि उसके एजेंट पर कोई आंच न आये और यदि कोई व्यक्ति बाहर से शराब लाकर बिक्री करता है तो उस पर कार्यवाही की जाये।

#### विरोध प्रदर्शन बेकार

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जहां योजनाएं एवं सुविधाएं भी बमुश्किल पहुंचती हैं वहां भी आसानी से अवैध शराब उपलब्ध हो रही है। जिसके कारण मजदूर वर्ग बल्कि युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। युवाओं और बड़ों को नशा करते देख किशोरवय उम्र वाले भी इसका शिकार होते जा रहे हैं। किशोरवय उम्र में नशे का सेवन शुरू कर देने से शारीरिक विकृतियों के साथ मानसिक दोष भी बढ़ रहे हैं। सबसे बुरा हाल मध्यम व मजदूर वर्ग के लोगों का है। इनकी आधी कमाई नशा माफियाओ की जेब में जा रही है और इनका परिवार तंगहाली और भुखमरी के लिए मजबूर है। शराब की अवैध बिक्री का कई बार विरोध किया गया लेकिन सांठगांठ के चलते अवैध कारोबार आबाद है।

### रैन बसेरा में व्यवस्थाएं दुरूस्त रखें ताकि जरूरतमंदों को न हो परेशानी



मौसम में अचानक आई गिरावट एवं तीव्र ठंड को दृष्टिगत रखते हुए नगर के सड़क किनारे रहने वाले, श्रमिक, वृद्धजन एवं असहाय एवं जरूरतमंद नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शहर में संचालित अलाव एवं रैन बसेरा की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी व सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल परिसर सहित मुख्य चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाने तथा नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही उन्होंने अलाव के लिए पर्याप्त लकड़ी का भंडारण पूर्व से ही करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी भी समय आपूर्ति बाधित न हो।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत कन्या पक्ष के हितग्राही इस योजना के तहत आवेदन कर सकते है। योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 जनवरी 2026 निर्धारित है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने योजना का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है।

नगर निगम के नोड़ल अधिकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सनद विश्वकर्मा नें बताया कि योजनान्तर्गत वधु को 49 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किये जायेंगे तथा राशि 6 हजार रुपये प्रति जोडों के मान से आयोजनकर्ता निकाय को दिये जायेंगे।



#### आवश्यक दस्तावेज

सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु इच्छुक आवेदक वर तथा कन्या की तीन फोटो, वर एवं कन्या का आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई.डी ई-के.वाई.सी सहित, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज वर एवं कन्या की वोटर आईडी के साथ आवेदन निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में जमा कर सकते है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या का नगर निगम कटनी सीमा का मूल निवासी होने के साथ ही कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है।

*जमीन चिन्हांकन के बाद भी कार्यालय से बाहर नहीं निकली फाइल*

# डेयरियों के विस्थापन के लिए डेढ़ दशक पहले बनी योजना अब तक नहीं हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डेयरियों का विस्थापन पिछले 15 साल से अधर में है। इस दिशा में सार्थक प्रयास भी नही हो रहे है। डेयरियों के विस्थापन के लिये की योजना बनाई गई लेकिन इस दिशा में ठोस कदम न उठाये जाने से मामला साल 2009 से अधर में लटका है। यहां रिहायशी क्षेत्रो में डेयरियों के संचालन से भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन की रूचि के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा इस दिशा कारगर प्रयास नही किये जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि शहर में एक सैकड़ा से अधिक डेयरियों है। इन डेयरियों का संचालन रहवासी क्षेत्रो में नगर निगम सीमान्र्गत किया जा रहा है। रहवासी क्षेत्रो से डेयरियों के विस्थापन करेन के लिये साल 2009 में नगर निगम ने योजना तो बनाई थी लेकिन आज तक इस योजना को मूर्त रूप नही दिया जा सका है। पूर्व में अधिकारियों द्वारा मौका मुआयना किया गया लेकिन चिन्हाकन के बाद जमीन का आवंटन, नापजोख, सहित अन्य प्रक्रियाओं की फाइल कार्यालय से बाहर नही निकल पा रही है।

2009 में डेयरियों के विस्थापन करने के लिये तत्कालीन महापौर और वतर्मान विधायक के कार्यकाल में डेयरियों को जुहला, जुहली में व्यवस्थित करने की योजना तैयार की गई थी। इसी साल जुहला, जुहली कैलवारा पौसरा सहित अन्य स्थानों में जमीन देखने और दिखाने की प्रक्रिया में ही सालों का समय निकाल दिया। पूर्व कलेक्टर के निर्देश पर जमीन तो चिन्हित की गई लेकिन विस्थापन की प्रक्रिया तब भी आगे नही बढ़ पा रही है।

शहरी क्षेत्र में डेयरी के संचालन ने एक नही अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या उस क्षेत्र के वांशिदो की है जहां डेयरी संचालित है। डेयरी की वजह से न सिर्फ आसपास गोबर, मूत्र व कचरे की गंदगी से लोगो का रहना मुहाल हो रहा है बल्कि डेयरी की इन भैसो या गायो को जब एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है तो हर समय जाम की स्थिति बन जाती है। डेयरियों की साफ सफाई के दौरान गोबर निकलने, गोबर को टाली में भरकर बाहर ले जाने या वही पर जमा करने से बदबू के अलावा जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। बारिष के दिनों में गंदगी तो दोगुना बढ़ती ही है उपर से मक्खी, मच्छरो की फौज जमा हो जाती है। इन तमाम परेशानियो के मददेनजर डेयरियों का विस्थान जल्द ही आवश्यक है।

नगर के गांधीगंज, नदीपार, बरगंवा, खिरहनी फाटक व खिरहनी गांव, झर्रा टिकुरिया, बजरंग कालोनी एनकेजे आदि में डेयरियां संचालित है। एक बड़ी डेयरी में औसत 100 मध्यम स्तर की डेयरी में 30 और छोटे स्तर की डेयरी में 10 मवेशी रखे जाते है। एक अनुमान के अनुसार यहां करीब 10 बड़ी, 10 मध्यम और आधा सैकड़ा के आसपास छोटी डेयरियां संचालित है।

### दूषित जलापूर्ति की शिकायतों पर की जा रही त्वरित कार्रवाई

# जलापूर्ति पर कड़ी निगरानी एवं चाक चौबंद व्यवस्थाएं रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दूषित पेयजल के कारण इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई दुखद घटना के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा नागरिकों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने और लीकेज एवं दूषित जल शिकायतों के निराकरण हेतु ठोस एवं गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। पानी की सैंपलिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। जिसका मोबाइल नंबर 9351136230 है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम की प्रतिदिन की जलापूर्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने तथा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं।

#### बड़े पैमाने पर कार्य शुरू

कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर निगम की जल प्रदाय शाखा पूरी सक्रियता से नगर के सभी वार्डों की पाइप लाइनों के निरीक्षण और संधारण व मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। निगमायुक्त पाइप लाइनों की लीकेज व जल आपूर्ति व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं, ताकि शहरवासियों को हर हाल में साफ पेयजल की ही आपूर्ति सुनिश्चित हो। इस दौरान कही भी कमियां पाए जाने पर तत्काल ही आवश्यक सुधार का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पर सीवर कार्य के दौरान गंदे पानी या पाइप लाइन लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नगर निगम के अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दी गई है कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



#### वाटर सैंपलिंग हेतु 67 नमूने संकलित

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के बाद स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों से पेयजल के सैंपल लेना शुरू किया गया है । जिसके तहत शनिवार को विभिन्न वार्डों से पानी के 25 सेंपल और रविवार को 42 सैंपल को मिलाकर कुल 67 सैंपलिंग की गई हैं। इनके जांच के बाद पानी के सभी नमूने मानक गुणवत्ता के पाये गये।

नगर निगम द्वारा पेयजल सप्लाई दूषित होने संबंधी शिकायतों पर भी पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्यवाही की जाकर आवश्यक सुधार कार्य कराये जा रहे हैं। जल प्रदाय शाखा की टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है। ताकि जनसामान्य को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

#### हेल्पलाइन नंबर जारी

नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 9351136230 जारी किया गया है। नागरिक गण फिल्टर प्लांट स्थित कार्यालय के इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर पेयजल संबंधी शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करा सकते है।

नगर निगम ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि कहीं से पाइप लाइन में लीकेज या दूषित पानी की समस्या हो , तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर पर पर सूचित करें।ताकि समय रहते आवश्यक सुधार किया जा सके।

# अमानक दूध व पनीर बेचने पर 20 हजार का ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। जिसमें प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम मे न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नीलांबर मिश्रा ने अमानक दूध और पनीर के विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ एवं उल्लंघन की पुनरावृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए श्री सोनेलाल यादव पिता श्री मुन्नालाल यादव फर्म आशू डेयरी, माधवनगर कटनी को अमानक एवं मिथ्याछाप दूध और पनीर का संग्रहण एवं विक्रय करने पर 20 हजार रूपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

अनावेदक को अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से हैड क्रमांक 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, 04- लोक स्वास्थ्य, 104- शुल्क एवं अर्थ दंड आदि (0754) खाद्य अपमिश्रण एवं औषधि नियंत्रण के अंतर्गत लाइसेंस फीस अर्थदंड आदि के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति इस न्यायालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### संचार संकर्म समिति की बैठक 7 जनवरी को

**कटनी।** संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी सर्व श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ-साथ सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।

### किसान 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी। इसे देखते हुये जिले के सभी किसानों से 9 जनवरी तक धान विक्रय के लिए अपना स्लॉट बुक करने कहा गया है। किसानों को स्लॉट बुकिंग में यदि कोई समस्या आ रही हो तो वे उन समस्याओं के निराकरण के लिये खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से उनके मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि में किया विस्तार

**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

### भागवत कथा में भक्त प्रहलाद का सुनाया प्रसंग

**कटनी।** रीठी के ग्राम खम्हरिया नं. 1 में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास शीतल संत मुरारीदास महाराज ने भक्त प्रह्लाद प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम के मंत्र का श्रवण किया था, जिसके प्रभाव से उनके समस्त कष्ट दूर हो गए। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव में कर्तव्यबोध जागृत करता है और जीवन को धर्ममय दिशा प्रदान करता है। भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीलाओं का भी सुंदर चित्रण किया गया। कथा व्यास ने कहा कि बचपन में दिए गए संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं, इसलिए बच्चों को प्रारंभ से ही धर्म और आध्यात्म का ज्ञान देना चाहिए। उन्होंने ध्रुव प्रह्लाद जैसे महान बाल भक्तों का उदाहरण देते हुए बताया कि अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को मात्र पांच वर्ष की आयु में भगवान के दर्शन प्राप्त हुए और उन्हें 36 हजार वर्षों तक राज्य भोगने का वरदान मिला।

---

## शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों एवं जनजागरूकता के लिए एडवाइजरी जारी

# ठंड का कहर : ठिठुरन एवं गलाव से हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भीषण ठंड के मौसम में लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुबह कोहरे की धुंध छाने और सर्द हवा से गलाव की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल हैं। दिनचर्या भी बेपटरी हो गई है। मौसम के बिगड़े मिजाज से न सिर्फ आमजन बल्कि मवेशियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ठंड में लोग स्वेटर, जैकेट व मफलर के अलावे अन्य गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकल रहे हैं लेकिन अत्याधिक ठंड में ये भी कारगर नहीं साबित हो रहे हैं।

शीत हवा की वजह से मौसम ठंडा बना हुआ है। फिलहाल जो मौसम का हाल है, इससे गेहूं की फसल को काफी फायदा मिलेगा। लेकिन, रबी की अन्य फसलों पर इसका प्रतिकूल असर दिखने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों तक ठंड का प्रकोप इसी तरह जारी रहेगा। कंपकंपाती ठंड का असर बाजार पर भी पड़ने लगा है। बाजार में दुकानें सुबह में देरी से खुलने और शाम में जल्द ही बंद होने लगी है। गलाव भरी ठंड की वजह से लोग जल्द ही अपना काम समाप्त कर घर लौट गए।

सर्दी का सितम खासकर वृद्धजन के लिए यह मौसम बेहद परेशानी भरा रहता है। उन्हें ऐसे में बहुत ही देखभाल की जरूरत



होती है। अस्पतालों में रोज बड़ी संख्या में बीमार इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि बुजुर्गों को सर्दी में अक्सर सांस की समस्या का सामना करना पड़ता है। हार्ट फेल के मामले भी इस मौसम में बढ़ जाते हैं। इसके अलावा सर्दी में स्ट्रोक और निमोनिया का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। अतः ऐसे मौसम में लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतनी चाहिए। खासतौर से बुजुर्गों को छाती में दर्द हो तो डॉक्टर को तुरंत दिखाएं। हृदय रोगों की नियमित जांच कराएं और नियमित दवा लें। सांस फूलने, बायें कंधे, हाथ या सीने में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### एडवाइजरी की गई जारी

स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय तथा क्या करें और क्या न करें के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के संबंध में एडवाइजरी जारी की है।

### ये हो सकती हैं परेशानियां

उल्लेखनीय है कि कटनी जिले में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे भी कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियाँ तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है।

शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

### शीतलहर क्या है

शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएँ चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

### शीतलहर के दौरान क्या करें

स्थानीय रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकें; टोपी, मफलर एवं मोज़े का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ (चाय, सूप आदि) लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा से बचें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। आवश्यक दवाइयों, ईंधन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का पूर्व भंडारण रखें। ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें।

### क्या न करें

अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें।

### हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट के लक्षण

तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना। हाथ-पैर की उंगलियों, कानों या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना। शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुँचाएँ।

नागरिक अद्यतन मौसम पूर्वानुमान एवं शीतलहर संबंधी चेतावनी रेडियो और टेलीविजन से प्राप्त कर सकते हैं।

---

## आदतन अपराधी को 5 माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने खैबर लाईन माधवनगर निवासी राहुल पंचवानी पिता प्रेमचंद पंचवानी 31 वर्ष के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना माधवनगर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। राहुल पंचवानी के विरूद्ध वर्ष 2018 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन के साथ अवैध वसूली करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, घर में घुसकर मारपीट करना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा राहुल के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। राहुल पंचवानी द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने कार्रवाई की गई।

---

*नगर निगम ऑडीटोरियम में शाम 4 बजे से होगा कार्यक्रम*

## गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व के आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपे कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रतिवर्ष की भांति आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम भवन कटनी में सायं 4 बजे से लोकतंत्र के लोक उत्सव ₹भारत पर्व₹ का आयोजन किया जाएगा। ₹भारत पर्व₹ के आयोजन एवं स्थानीय व्यवस्थाओं हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे हैं।

### इनको सौपे गये दायित्व

जारी आदेश के अनुसार लोकतंत्र के लोक उत्सव ₹भारत पर्व₹ के सफल आयोजन व सम्पूर्ण व्यवस्थाओं हेतु नगर निगम उपायुक्त शैलेष कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन पर कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, लाइट, माइक, टेंट, बैठक व्यवस्था, स्वल्पाहार, पानी और अन्य सभी सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी होगी।

जबकि एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार कटनी शहर आशीष अग्रवाल और राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/लोकतंत्र सेनानियों और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रण पत्र वितरण करने तथा मंचासीन अतिथियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है।

इसी प्रकार डाइट व्याख्याता राजेंद्र असाटी, दिगम्बर हायर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व प्राचार्य श्रीमती सीमा जैन और आनंदम विभाग से अनिल कांबले मंच संचालन करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा अपर कलेक्टर से अनुमोदित कराएंगे।

वहीं डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चित्रा प्रभात, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक परियोजना अधिकारी सुश्री वनश्री कुर्वेती और शासकीय तिलक महाविद्यालय की प्राध्यापक श्रीमती माधुरी गर्ग को स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन कर अनुमोदन के बाद प्रस्तुति कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही, संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और तहसीलदार कटनी नगर श्री आशीष अग्रवाल को जिले के बाहर से आने वाले कलाकारों के लिए समन्वय, रुकने, भोजन और वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी।

नगर पुलिस अधीक्षक कटनी एवं यातायात प्रभारी कटनी को कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था तथा आम जनता के लिए बस स्टैंड में पृथक पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और जिला श्रम अधिकारी के.वी. मिश्रा स्मृति चिह्न/मोमेंटो की व्यवस्था और वितरण सुनिश्चित करेंगे।

---

## सिविल कोर्ट खोलने सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बहोरीबंद को जिला बनाने सहित अन्य माँगो को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक प्रणय पांडेय को अन्य माँगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गईं कि बहोरीबंद में प्रस्तावित सिविल न्यायालय जल्द से जल्द खोला जाए,बहोरीबंद में रजिस्ट्रार ऑफ़िस खोला जाए। बहोरीबंद में लंबे समय से चली आ रही सिविल अस्पताल की माँग पूरी की जाए, सिंदुरसी से मोहाई तक रोड के दोनों तरफ़ पेबर ब्लांक लगवाए जाए ताकि आम जनता को धूल से छुटकारा मिल सके और बहोरीबंद नगर का सौंदर्यीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित ग्राम पंचायत बहोरीबंद को जल्द से जल्द नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाए। विधायक प्रणय पांडेय द्वारा इन सभी माँगो को पूरा कराने का आश्वासन दिया!साथ ही बतलाया गया के न्यायधीश आवास बनकर तैयार हो चुका है न्यायालय भवन निर्माण का पैसा भी आ चुका है और कूड़न जलाशय के लिए दो करोड़ एवं रूपनाथ धाम के लिए 6 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा एवं बहोरीबंद ज़िला बनाने संबंधी माँग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा कर माँग से अवगत कराया जाएगा।

---

## गरीब तबके के लोगों को रहने मिलेगा पक्का मकान, हितग्राहियों का हो रहा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गरीब तबके के लोगों को अब कच्चे घरों से निजात मिलने वाली है। गरीब तबके के लोगो को रहने अब पक्का मकान मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों के सत्यापन कार्य बहोरीबंद विकासखंड में चल रहा है। ब्लॉक स्तर पर गठित टीमों के नेतृत्व में घर-घर जाकर दस्तावेजों, आय, संपत्ति और वर्तमान आवास स्थिति की जांच की जा रही है।

शनिवार को ग्राम पंचायत गौरहा में प्रधानमंत्री आवास योजना के विकासखंड समन्वयक अखिलेश वर्मा ने सत्यापन कार्य किया। विकासखंड समन्वयक ने बताया कि आवास प्लस एप के माध्यम से दर्ज सूचियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, ताकि अपात्रों के



नाम हटाए जा सके और वास्तविक जरूरतमंदों को प्राथमिकता मिले। इस कार्य में ग्रामीण आवास सहायक, पंचायत सचिव वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य कर्मी शामिल हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को पक्का घर प्रदान करना है। मैदानी क्षेत्रों में 1.20 लाख रुपए और पहाड़ी क्षेत्रों में 1.30 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है। हालिया सर्वे के बाद अब सत्यापन प्रक्रिया तेज कर दी गई है, जिससे जल्द ही अंतिम सूची तैयार हो सकेगी।वही बहोरीबंद जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी पंचायतों को इस कार्य को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे सत्यापन टीम का सहयोग करें और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं। इस पहल से योजना का लाभ सही हाथों तक पहुंचेगा।

---

*ग्रामीण होते हैं परेशान विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बीच में होती है अवरूद्ध*

## आधा सैकड़ा ग्रामीण रूटो पर अब भी सुलभ नही आवागमन की सुविधा, आटो के आसरे ही मंजिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में आज भी ऐसे सैकड़ो दूरस्थ ग्रामीण मार्ग है जिनमें सुविधाजनक परिवहन सुविधा भी उपलब्ध नही है। गांव व ग्रामीणों के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने सड़को के निर्माण तो हो रहा है लेकिन यात्री बसे न चल पाने की वजह से लोगो को बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन की ओर से सीएम ग्रामीण परिवहन सेवा के जरिये बसों के इंटीरियल मार्गो पर चलाये जाने की पहल की गई थी लेकिन इस पर पंख लगते नही दिख रहे है। बस संचालको की अरूचि की वजह से य योजना सफलन होती नही दिख रही है।

### 126 रूट हुये थे चिन्हित

ग्रामीण क्षेत्र के आवामन को सुगम बनाने शासन व प्रषासन स्तर पर भी कोई सार्थक पहल नही की गई। लोगो को एक दो नही बल्कि 20 से 30 किमी का सफर आटो व छोटे वाहनों से तय करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की आवागमन व्यवस्था को मजबूत बनाने मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा चलाई थी। उन रूटो पर 22 सीटर बसों का संचालन बसों का संचालन होना था। जिले के परिवहन अमले द्वारा 126 रूटो का चयन किया गया। इन मार्गो पर छोटी बसो को परमिट देना था लेकिन यह योजना अब ठंडे बस्ते में चली गई। सिर्फ 25 रूटो को ही परमिट जारी हुआ।

### आटो के सहारे सफर

जानकारी के अनुसार जिले के ग्रामीण रूटो पर लगभग 2000 आटो व 800 मैजिक वाहन दौड़ रहे है। इनमें से अधिकांश आटो व मैजिक वाहनों का फिटनेस परमिट नही है। कुछ वाहनों की स्थिति कंडम है। इसके बाद ये वाहन बेधड़क दौड़ रहे है। रीठी तहसील के वनग्राम खुसरा, नैंगवा, कुड़ाई, रमपुरा, वसुधा, मगरधा, बरजी, देवरी खुर्द, खिरवा खुर्द, सिमराकला, खमरिया, कुपिया, चिरूहला के लोग आटो, टैक्टर व लोडर से सफर करते है त ह सी ल मुख्यालय तक की 12 से 15 किमी दूरी वाले इन गांवो के लोगो को आटो मैजिक से तय करनी होती है। जंगल में बसे खुसरा, नैगवां कुड़ाई रमपुरा व अन्य गांवो की स्थिति ऐसी है कि दो किमी की दूरी पैदल तय करने के बाद आटो मिल पाते है।

कटनी से एनकेजे तक तो फिर भी आटो चलते हे लेकिन हिरवारा, गाताखेड़ा, पिपरिया, हीरापुर कौड़यिा, केवलारी सलैया, देवरी हटाई के साथ ही आसपास के गांव में यात्रा के लिये बस की सुविधा नही है। यहां बात तो हुई अभी मुख्य मार्ग की। इन्ही गांवो से सटे दर्जनों अंदरूनी गांव है जहां कम से प्रतिदिन दो या तीन नियमित बसों की आवष्यकता है लेकिन उपयुक्त सड़क न होने तथा सड़क के बेहद घुमावदार होने की वजह से वाहन संचालक वाहन संचालन में हाथ खड़े रह रहे है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि इस क्षेत्र के दर्जनों गांव ऐसे है जहां साधारण किराना से लेकर सब्जी भाजी के लिये तक लोग कटनी शहर आते है। कमोवेश यही स्थिति देवरी हटाई से बड़वारा, भादावर, परईकाप से होकर कछारी झांपी पहुंच मार्ग की है।

---

## पान उत्पादकों ने की शासन से आर्थिक सहायता व बीमा सुविधा की मांग

# कड़ाके की ठंड से पान की फसल चौपट, किसान की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

अत्यधिक ठंड पड़ने से उमरियापान क्षेत्र के पान उत्पादकों की पान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे पान उत्पादकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इस संबंध में पान उत्पादक किसानों ने तहसील मुख्यालय उमरियापान पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पान उत्पादक चंद्रकांत चौरसिया,गया प्रसाद चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, जगन्नाथ चौरसिया, राधिका चौरसिया, राकेश चौरसिया, मनोज चौरसिया, भल्लू चौरसिया ने बताया गया कि ठंड के कारण पान की पूरी फसल खराब हो गई है, जिससे उत्पादकों की आजीविका पर संकट आ गया है। पान उत्पादकों ने मांग है कि फसल क्षति को देखते हुए शासन द्वारा तत्काल आर्थिक



सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश जारी किए जाएं।

पान उत्पादक कमलेश चौरसिया, दीपचंद चौरसिया,वीरेन्द्र चौरसिया, कृष्णकुमार चौरसिया, राजेश चौरसिया ने कहा कि विगत वर्षों में उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त पान उत्पादकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने हेतु भोपाल बुलाकर चर्चा की थी और प्रीमियम जमा करने का सुझाव दिया गया था, लेकिन आज तक पान फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से नहीं जोड़ा गया है।उन्होंने शासन से पान फसल को फसल बीमा योजना में शामिल करने की मांग की है। पान उत्पादकों ने कहा कि पान फसल पर हुई क्षति के एवज में सभी पान उत्पादकों को बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे दोबारा उत्पादन शुरू कर सकें। इसके साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में प्रति पारी 500





रुपये की सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान होने के बावजूद आज तक किसी भी पान उत्पादक को यह सहायता नहीं मिल पाई है।

पान उत्पादकों ने पूर्ण क्षति होने पर सहायता राशि दिए जाने की मांग की है। पान उत्पादक सुदामा चौरसिया, विजय चौरसिया,नरेश चौरसिया, राजेश चौरसिया, रामेश्वर चौरसिया और सुभाषचंद्र चौरसिया ने बताया कि शासन द्वारा पान उत्पादन बढ़ाने के लिए उद्यानिकी विभाग के माध्यम से विभिन्न सुझाव दिए गए, लेकिन वर्तमान में प्राकृतिक आपदा से फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। बची हुई फसल को लेने के लिए कोई तैयार नहीं है।ऐसे में दोबारा उत्पादन के लिए उत्पादकों के पास कोई संसाधन नहीं बचा है।

---

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया 22 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (SIR-2026) के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में अपने नाम की जांच कर समय-सीमा में आवश्यक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in पर उपलब्ध है। मतदाताओं को सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप सूची में अवश्य जांचना चाहिए। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।

इस अवधि में प्रत्येक कार्यदिवस पर सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे। उनके माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने, आपत्ति दर्ज करने तथा संशोधन से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वहीं, यदि कोई मतदाता राज्य से बाहर से स्थानांतरित होकर आया है, तो उसे फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र देना होगा। ऑफलाइन आवेदन करने पर मतदाताओं को बीएलओ से पावती प्राप्त करना न भूलने की सलाह दी गई है। दावे-आपत्तियों के निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता प्रविष्टियों की जांच के उपरांत, कतिपय निर्वाचकों को नोटिस जारी कर सुनवाई 14 फरवरी 2026 तक की जाएगी।

### 71 हजार की नगद राशि से किया पुरस्कृत

# दादपुर डीपीएल के फाइनल मुकाबला में शाहपुर क्रिकेट टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा/गैसाबाद



दादपुर ग्राम के सरदार पटेल खेल परिसर में सातवें संस्करण प्रीमियर लीग का आयोजन स्वर्गीय श्री गंगाराम पटेल जी की स्मृति में आईवीएफ टीम के संयोजक भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल व उनके मित्र मंडली के सहयोग से क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एवं युवा प्रतिभागियों को आगे बढ़ाते के प्रयास हेतु टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जहां रविवार को फाइनल मैच में सांसद राहुल सिंह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। फाइनल मैच एन सीसी धौर्रा और शाहपुर सागर के बीच खेला गया। जहां धौर्रा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हो हुए 187 रनों का लक्ष्य दिया जो शाहपुर सागर ने 9.4 ओवर में दाखिल कर जीत दर्ज की। शाहपुर टीम की ओर से अंकित मौर्या द्वारा 15 छक्के और आठ चौके की मदद से 126 रन की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया। इस दौरान सांसद राहुल सिंह कहां कि छोटी सी ग्राम दादपुर में भाजपा के गोपाल पटेल द्वारा टूर्नामेंट की अच्छी पहल है। ग्रामीण अंचलों से निकलकर आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी आज अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं और यही युवा भविष्य में जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, समर्पण, टीम भावना और संघर्ष की सीख भी देता है। मैदान पर जीत और हार दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि असली सफलता आत्मविश्वास और खेल भावना को बनाए रखने में है। इस प्रकार के क्रिकेट टूर्नामेंट युवाओं को अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे प्रयासों से हर युवा अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है और खेल के माध्यम से अपनी उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकता है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी सील्ड और 71 हजार रुपए की नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर की वहीं उपविजेता टीम को शील्ड और 31 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि सांसद राहुल सिंह, आरएसएस के प्रांत प्रचारक रामलालजी हारट, कार्यक्रम की अध्यक्ष विधायक उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व विधायक, पीएल तंतुवाय, राधिका पटेल, बहादुर पटेल , चन्द्रभान पटेल, डॉ रामगोपाल सोनी , अभिषेक जैन, जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय, बलवंत राणा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ नेमा, भोले सराफ, रामदयाल पटेल, रत्नेश खटीक, गोपाल पटेल, रणधीर दाहिया, युवराज कुसमरिया, मयंक तंतुवाय, सुरेश पटेल, जीतेन्द्र असाटी, लक्ष्मण तिवारी, हेमंत चौकरया,बृजेश पटेल, जयकुमार असाटी, लक्ष्मण तिवारी सहित समस्त डीपीएल कमेटी के अलावा हजारों की संख्या में दर्शकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# तेंदूखेड़ा-पाटन क्षेत्र में सब्जी व्यापारियों के वाहनों की रस्सी काटकर हो रही लूट

### सब्जी लेकर जाने वाले वाहन चालकों को लूट का भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



सब्जी लेकर जबलपुर मंडी जाने वाले वाहन चालक इस समय अज्ञात लुटेरों से परेशान हैं। आए दिन वाहन चालकों से हो रही लूट की घटना से दहशत में आए वाहन चालक दिन निकलने के बाद ही जबलपुर मंडी पहुंच रहे हैं। भले उनका नुकसान हो रहा है, लेकिन मजबूरी में तेंदूखेड़ा में रुककर रात काट रहे हैं कुछ दिनों से तेंदुखेडा से होकर गुजरने वाले लोडिंग वाहन दिन निकलने तक तेंदुखेडा में ही खड़े रहते है क्योंकि उनको भय है कि यदि वह रात्रि में जाते है तो उनके साथ लूट की घटना हो सकती है क्योंकि उनके साथ यह घटना हो चुकी है रविवार सुबह तेंदूखेड़ा बस स्टैंड पर सब्जी से भरे आटो वाहन खड़े थे जहां उन्होंने अपने रुकने का कारण बताया बोरिया कर लेते है चोरी। तेंदूखेड़ा में सुबह पांच बजे तीन दो आटों वाहन सब्जी से भरे खड़े थे। वाहनों में भाटा की बोरिया लोड थी जबकि इतने समय इन गाड़ियों को जबलपुर मंडी मे होना था कारण पूछने पर वाहन मालिक ओर चालकों ने बताया कि वह सभी यहां पर रुके हुए हैं उन्होंने बताया कि कुछ ही दूरी पर पाटन तेन्दूखेड़ा सीमा पर स्थित बगदरी की घटिया पर लुट के भय से वह रुके है क्योंकि जैसे ही दमोह जिले की सीमा खत्म होती है और जबलपुर जिले की सीमा आरंभ होती है तो वहां पर अज्ञात लोग वाहनों में पीछे से चढ़ जाते है और रस्सी काटकर भाटा की बोरिया गिरा लेते है। कई बार ये घटनाएं हो चुकी है घटनाओं को कौन अंजाम देता है यह तो अभी तक रहस्य बना है। लूट की घटना से बचने के लिए हम लोगो ने रात्रि की जगह सुबह उजाला होने पर ही घाट से आवागमन करना शुरू कर दिया है।

## ब्रेकरो पर होती है घटनाएं

दमोह जिले की सीमा खत्म होने के बाद जैसे ही जबलपुर जिले की सीमा आरंभ होती है तो यहां पर वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई ब्रेकर बनाए गए थे घटनाओं पर तो अंकुश लग गया, लेकिन उन ब्रेकरो पर पहुंचते ही जैसे ही वाहन धीमा होता है आरोपी लूट की घटना को अंजाम देते हैं यह घटनाएं उन वाहन चालकों के साथ ज्यादा हो रही है जो टौरी इमलिया से सब्जी लेकर जबलपुर मंडी जाते है एक सप्ताह में दो, तीन घटनाएं होने के बाद अब सब्जी व्यापारी और वाहन चालक दिन निकलने का इंतजार करते हैं वाहन चालकों ने बताया जिस जगह घटनाएं होती है वह स्थान पूरी तरह सुनसान है और अभी ठंड का समय होने के कारण मार्ग बहुत ही कम चलता है क्योंकि इस मार्ग पर सागर दमोह के वाहन और राहगीर गुजरते थे लेकिन सागर मार्ग बंद होने से वाहन जबेरा होते हुए जाते हैं जिसके कारण इस मार्ग पर सुनसान रहता है और तेंदुखेडा थाने की सीमा खत्म हो जाती है और पाटन थाना वहां से सात किलोमीटर दूर पड़ता है।

## चालकों ने दी जानकारी

टौरी निवासी अमर सिंह लोधी और राजा पटना के सागौन निवासी निरपत सिंह लोधी ने बताया एक सप्ताह में दो बार घटनाएं हो चुकी है। पंडा बाबा के आगे घटिया पर जिस जगह ब्रेकर बने है वहां वाहन बहुत धीमा करना पड़ता है। उसी समय अज्ञात लोग पीछे से वाहनों में लटक जाते है और रस्सी काटकर भाटा की बोरिया निकाल लेते है मंगलवार को 7 बोरी भाटा चोरी हो गया था फिर गुरुवार को 3 बोरी भाटा चोरी हुआ था । भूरा सिंह लोधी राजा सिंह लोधी ने बताया की भाटा की बोरिया आटों वाहन में लोड करके जबलपुर मंडी जाते है। पूर्व में हम लोग सुबह चार से पांच बजे जबलपुर पहुंच जाते थे, लेकिन अब घटिया पर लूट होने की घटनाओं के बाद तेंदुखेडा में रुक जाते हैं। जब दिन निकलने का समय हो जाता तो तेंदुखेडा से जबलपुर की ओर जाते है वहीं अमर सिंह लोधी ने बताया कि एक सप्ताह पहले भी एक वाहन से 5 बोरी मक्का रस्सी काटकर गिरा ली थी लेकिन किसी पुलिस वाहन की आवाज सुनकर चोर मक्का की बोरी छोड़कर भाग गए थे जहां पुलिस द्वारा मक्का की बोरियों को पाटन मंडी भेजा था।

## इनका कहना है

इस संबंध में तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने कहा जिस स्थान पर यह घटना हो रही हैं वह पाटन सीमा लगती है मैं पाटन थाना प्रभारी से बात करता हूं और तेन्दूखेड़ा थाने में भी गश्ती के लिए बोलता हूं।
**डीएस ठाकुर एसडीओपी तेंदूखेड़ा**

इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मेरे पास सूचना आई थी लेकिन घटना को एक सप्ताह होने जा रहा है। पुलिस द्वारा घाट पर लगातार गश्ती की जा रही है। साथ ही पुलिस भी घाट पर मौजूद रहती है लूट करने वाले लोगों को जल्द पकड़ा जाएगा। पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। - **गोपेन्द्र सिंह राजपूत थाना प्रभारी पाटन**

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से जीजा-साले घायल

**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर द्वारी ग्राम के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवी सर्वेन्द्र यादव ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों घायलों को निजी वाहन से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान सुरेन्द्र पिता विनोद रेकबार (उम्र 20 वर्ष), निवासी पुरैनी एवं जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश (उम्र 24 वर्ष), निवासी हिंडोरिया के रूप में हुई है। दोनों एक ही बाइक पर सवार थे, तभी द्वारी ग्राम के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### शव यात्रा के दौरान मधुमक्खियों का हमला, एक वृद्ध गंभीर

**अमानगंज।** इटोरी भटवा गांव में शव यात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में दर्जन भर से अधिक लोग डंक की चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के हमले में महंगाउआ पिता हक्कू, अहिरवार निवासी भटवा, गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कराटे कलर बेल्ट परीक्षा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/झलौन

मध्य प्रदेश शासन की मनसा अनुसार प्रत्येक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु बच्चियों को सशक्त समृद्धि साली बनाने के लिए तीन माह का प्रशिक्षण आयोजित कराया जाता है उसे प्रशिक्षण से प्रभावित होकर बच्चियों द्वारा कराते की आगे की डिग्री प्राप्त करने के लिए इंटरनेशनल कराते फेडरेशन ऑफ़ मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव की उपस्थिति में लक्ष्य कराटे एकेडमी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत कलर बेल्ट परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें सभी छात्राओं अपनी अपनी ग्रेडिंग के अनुसार कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण कलर बेल्ट हासिल किया। जिसमें लक्ष्मी गौंड ने क्यू 9,8,7 सोनम गौंड क्यू 8 रोशनी गौंड 9,8क्यू गायत्री नामदेव 9,8 क्यू द्रोपती लोधी 9,8 क्यू रितिका लोधी 9,8 क्यू ओमिका अहीरवाल 9,8 क्यू की परीक्षा उत्तीर्ण की गई। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक एवं पर्यवेक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय कराटे महासंघ, मध्य प्रदेश रेफरी (ए) कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया केआईओ जज़ एशियन कराटे महासंघ (एकेएफ) सेंसाई संतोष कुमार पटेल, लक्ष्य कराते अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अनूप सिंह ठाकुर, प्रशिक्षक चंद्र प्रताप सिंह, सहयोगी महराज सिंह, अजय जोगी की उपस्थिति रही।

### 20 बस्तियों में आज होगा ध्वज स्थापना एवं कलश पूजन

# हिंदू सम्मेलन हेतु अक्षत एवं कलश वितरण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां और 4 जनवरी को होने वाले कलश और ध्वज स्थापना के लिए टोली सदस्यों के लिए कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री शिव हनुमान मंदिर जेल लाइन दमोह में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न बस्तियों में आयोजित होने वाले सम्मेलन के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को आयोजन से जुड़ी जानकारीयों के साथ कलश वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम से जुडी जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि यह आयोजन गैर राजनीतिक और किसी संघटन का नहीं होकर समाज के लोगों का है और नगर की 20 बस्तियों में इस कार्यक्रम को आयोजित कराया जाएगा।

इसे सफल बनाने हेतु सम्मेलन में समाज के हर वर्ग, हर जाति, हर तबके के महिला, पुरुषों और बच्चों को आमंत्रित करते हुए समाज को एक और मजबूत बनाना है। सामाजिक समरसता का होगा गठजोड़ हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर तबके को एक साथ जोड़कर समाज के बीच पनपने वाले जाति और वर्ग की वैमनस्यता को खत्म करना और उनके बीच सामाजिक समरसता लाना है। इस आयोजन में हर समाज के मातृशक्ति, युवा, अनुभवी और सामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के साथ प्रत्येक परिवार और व्यक्ति को जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य समाज को एक, मजबूत और शक्तिशाली बनाना है क्योंकि संगठित समाज ही मजबूत और सशक्त राष्ट्र की नींव होगी।

# बैडमिंटन नाइट टूर्नामेंट का समापन



**जबेरा** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा के विधायक एवं मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के मार्गदर्शन में खेलो जबेरा खेल महोत्सव के अंतर्गत पंडित जेपी तिवारी पब्लिक स्कूल नोहटा में बैडमिंटन नाइट टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 25 दिसंबर 2025 से प्रारंभ किया गया था जिसका समापन 3 जनवरी 2026 की नाइट में हुआ। इस टूर्नामेंट में विधानसभा क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लिया जेपी तिवारी पब्लिक स्कूल के संचालक एवं टूर्नामेंट के आयोजक उमेश यादव ने बताया कि यह टूर्नामेंट मंत्री जी के अनुज नितेंद्र सिंह लोधी के संरक्षण में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट का फाइनल खिताबी मुकाबला सब डिवीजन तेंदूखेड़ा एवं आल्टन ऑल टाइम जबेरा के बीच खेला गया जिसमें एक तरफ जबेरा टीम के छोटे छोटे बच्चे और एक तरफ युवा अनुभव के बीच मुकाबला देखने को मिला जिसमें सब डिवीजन तेंदूखेड़ा ने विजय प्राप्त की। समापन के अवसर पर टूर्नामेंट के संरक्षक एवं मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज नितेंद्र सिंह लोधी ने विजेता टीम उपविजेता टीम एवं अन्य टीमों के लिए पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर नितेंद्र सिंह ने कहा कि मैं इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं तथा यह घोषणा करता हूं कि नोहटा में जल्दी ही इनडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा जिससे युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। टूर्नामेंट समापन में अतिथि के रूप में लंबरदार लाल सिंह यादव, पप्पू राय, प्रमोद यादव, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा, थाना प्रभारी नोहटा,अभिषेक पटेल,रत्नेश सिंह लोधी, निखिल सिंह, दस्यु नामदेव ,रिंकू राज, अवधेश लोधी, मनोज रैकवार, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

# सुंदरकांड पाठ के अवसर पर झापन घाट पुल मुद्दे पर मंत्री से हुई चर्चा



**झलौन।** 27 मील सिद्ध धाम पंडा बाबा में आयोजित भव्य सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे के अवसर पर जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर मीडिया प्रभारी मुकेश जैन द्वारा मंत्री जी का ध्यान बियारमा नदी पर स्थित झापन घाट पुल की गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित कराया गया। उल्लेखनीय है कि सागर–जबलपुर स्टेट हाईवे मार्ग पर स्थित इस पुल का स्लैब 30 जुलाई 2025 को आई भीषण बाढ़ में बह गया था, जिसके कारण विगत लगभग छह माह से इस मार्ग पर आवागमन पूर्णतः बाधित है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से झापन, सोमखेड़ा, लकलका, सुरादेही, झलौन, तेंदूखेड़ा, रहली सहित दर्जनों गांवों एवं नगरों के नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों एवं दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्गों से लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय, धन एवं संसाधनों की अतिरिक्त हानि हो रही है। क्षेत्रीय जनता की ओर से मीडिया प्रभारी श्री जैन ने मंत्री जी से झापन घाट पुल के पुनर्निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने तथा सागर–जबलपुर मार्ग पर पुनः सुचारु यातायात बहाल कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि यह पुल न केवल क्षेत्र की जीवनरेखा है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं, कृषि व्यापार और सामाजिक संपर्क के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। माननीय राज्य मंत्री श्री लोधी ने क्षेत्रीय जनता की इस महत्वपूर्ण मांग को गंभीरता से सुना और शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर पुल पुनर्निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनसुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। क्षेत्रीय नागरिकों ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि झापन घाट पुल का निर्माण शीघ्र पूर्ण होकर सागर–जबलपुर मार्ग पर पुनः आवागमन सुचारु होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताई पेड़ों की छात्राओं को पहचान और दी जानकारी

# छात्रों ने जाना प्रकृति का महत्व,देखा जंगल



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के कंसा सांगा के बंकागढ़ में अनुभूति कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्कूलों के बच्चों को जंगल की सैर कराई गई। जिसमें शासकीय हाई स्कूल तेजगढ़ सरस्वती शिशु मंदिर पतलौनी एवं सांगा के विद्यार्थियों से संवाद कर वन्य प्राणियों से बचाव और वनों की रक्षा की जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने बाघ तेंदुआ, हाथी, जंगली जानवर आदि वन्यप्राणियों की प्रवृत्ति एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे के नेतृत्व में बच्चों को समूहों में बांटकर जंगल भ्रमण कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स और वन विभाग के कर्मचारियों ने औषधीय वनस्पतियों की पहचान, उनके दैनिक उपयोग, जैव विविधता, विषैले सांपों से बचाव, तितलियों और मधुमक्खियों की पारिस्थिति की भूमिका और मिट्टी जल संरक्षण संबंधी वानिकी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान पर्यावरण थीम वाले गीत प्रस्तुत किए गए वन संबंधी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## पेड़ों के बारे में दी बच्चों को जानकारी

अनुभूति कार्यक्रम में प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें अनुभूति मास्टर ट्रेनर बी एल रोहित ने बताया की वनकर्मी तो वनों की रक्षा करते ही है लेकिन वन समिति के अध्यक्ष और सदस्य भी जंगलों की रक्षा करने में काफी सहयोग करते हैं। वन समिति जंगलों की रखवाली में रीढ़ की हड्डी का कार्य करते हैं। वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने भी छात्र छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम में जंगलों में लगे पेड़ों के संबंध में जानकारी दी उन्होने पर्यावरण सतुलन बनाये रखना है तो पेड़ लगाना आवश्यक है। इसलिए सभी पेड़ लगाए और पेड़ों की जो भी कटाई करते मिलता है। उसे रोकने का प्रयास जरुर करें क्योंकि आज के समय में पेड़ ही है जिसमें समय पर हमें हवा मिलती है। बारिश होती है बाद में कार्यक्रम के अन्य में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आयोजन में संबंध में जानकारी देते हुए तेजगढ़ परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने बताया अनुभूति कार्यक्रम विभाग के निर्देश पर चलाया जा रहा है जिसमें वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे और उपमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे के मार्गदर्शन पर चल रहे हैं आज बंकागढ के जंगल में ये आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को जंगल में हुये आज के कार्यक्रम में 150 बच्चों को जंगल का भ्रमण कराया गया है।

# मातृशक्ति द्वारा निकाला विशाल पथ संचलन



**हटा।** नगर में पहली बार राष्ट्रीय सेविका समिति की सैकड़ो स्वयंसेविका प्रशिक्षार्थीयो ने नगर में पथ संचलन निकाला। देव गौरीशंकर मन्दिर प्रांगण के दद्दा मच के सामने एकत्रीकरण हुआ। जहां ध्वज वंदना ध्वज प्रणाम के बाद पथ संचलन आरम्भ हुआ। आगे आगे भारत माता फिर भगवा ध्वज फिर घोष वर्ग की 16 प्रशिक्षित महिलाएं और फिर 127 समिति की प्रशिक्षार्थी महिलाओं ने निर्धारित गणवेश में कतारबद्ध होकर नगर में पथ संचलन निकाला ।यह पथ संचलन बड़कुल जैन मंदिर बज़रिया राम मंदिर बडा बाजार थाना मंदिर चौराहा होकर एम एल बी स्कूल में समापन मंत्र के साथ सम्पन्न हुआ ।पूरे संचलन मार्ग पर राष्ट्र सेविकाओं पर पुष्प बर्षा कर हर्ष व्यक्त किया गया ।यह पथ संचलन श्रीराम गौ शाला परिसर के श्री नायडू सदन में 31 दिसम्बर से चल रहे प्रारंभिक वर्ग के समापन पर आयोजित किया गया ।जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने भी पूरे पांच दिन शिविर में उपस्थित होकर प्रथम वर्ग में हिस्सेदारी की इनके अलावा शिविर में दमोह बटियागढ़ पथरिया जबेरा नरसिंगढ़ बीना गौरझामर मालथौन बंडा आदि से भी महिला प्रशिक्षार्थी देशभक्ति पूर्ण जज्बा लेकर हटा से रवाना हुए। इस वर्ग में सागर विभाग की विभाग कार्यवाहिका सुश्री किरण लोधी, महाकौशल प्रान्त की प्रान्त सह कार्यवाहिका श्रीमती भाग्यश्री नाथू एवं जिला कार्यवाहिका सविता उपाध्याय का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# गिरजा रानी दुबे का दुःखद निधन



**दमोह।** दमोह के सामाजिक कार्यकर्ता बजरंगी सर्व कल्याण सेवा संस्था दमोह के उपाध्यक्ष नीरज तिवारी की पूज्यनीय नानी जी श्रीमती गिरजा रानी दुबे का लंम्बी बीमारी उपरांत दिनांक 04 जनवरी 2026 की देर शाम उन्होंने आखिरी सांस ली।आप ब्रजमोहन शुक्ला, संजय शुक्ला, पंकज शुक्ला की पूज्यनीय माता जी है। जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 05 जनवरी 2026 की सुबह 11 बजे किशन तलैया मुक्तिधाम (पालीटेक्निक कालेज के पीछे) मुक्तिधाम में अंतिम दाह संस्कार किया जाएगा।

# जबेरा मंडल की बैठक संपन्न

**जबेरा।** आगामी 22 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले बृहद हिंदू सम्मेलन की तैयारी हेतु ग्राम की प्रसिद्ध पीठ श्री नरसिंह देवालय प्रांगण में मुख्य रूप से पूज्य पाद दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी सरस्वती ( रंजीता नंद जी) महाराज के सानिध्य में एवं पंडित आशीष मिश्रा की उपस्थिति में जबेरा मंडल में हिंदू सम्मेलन हेतु बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के सभी हिंदुओं की उपस्थिति रही। बैठक में श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज ने बताया कि आगामी दिनांक 22 जनवरी 2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक विशाल हिंदू सम्मेलन होगा जिसमें आप सभी को सभी सामाजिक बंधुओं को घर-घर जाकर के अक्षत दे कर के आमंत्रण करना है। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उक्त अवसर को भव्य एवं दिव्य बनाने हेतु संकल्प लेते हुए गगन भेदी नारे लगाये गए। उक्त अवसर पर सम्मेलन हेतु भूमि पूजन किया गया एवं ध्वज फहराया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक सह संयोजक एवं ग्राम के समस्त वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रही।



### भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भावगत कथा का आयोजन

## देवर्षि नारद समाज के शुभचिंतक व एक सर्वश्रेष्ठ पत्रकार थे: श्रवणानंद सरस्वती जी

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह

नगर के फुटेरा वार्ड नंबर 4 में आज रविवार 4 जनवरी को श्रीमद् भागवत कथा भक्ति यज्ञ की शोभा यात्रा नगर प्राचीन राम जानकी मंदिर से बैंड बाजे के साथ संकीर्तन व महिलाओ ने सर पर कलश रखकर कलश यात्रा बहराम टाकीज, बकौली चौराहा, घंटाघर, बिंदन चौराहा, बडा पुल, महाकाली चौराहा होते हुए कथा स्थल नर्सिह मंदिर प्रांगण शाला पहुंची। भव्य कलश यात्रा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कथा के प्रथम दिवस आनंद वृंदावन से पधारे परम पूज्य स्वामी अखंडानंद सरस्वती के परम कृपापात्र स्वामी श्रवणानंद सरस्वती जी ने बताया कि समय परिवर्तित होता है तो समस्याओं को भी जन्म देता है और संसार में जिन समस्याओं का जन्म होता है उसका



समाधान भी होता है। संसार की समस्त समस्याओं का समाधान परमात्मा के पास है या महात्मा के पास है देवर्षि नारद जैसे महापुरुष उस समय समाज के शुभचिंतकों में से एक थे, यदि आधुनिक भाषा में कहा जाए तो निश्चित रूप से वे एक सर्वश्रेष्ठ पत्रकार थे। विश्व के यदि प्रथम पत्रकारों में किसी का नाम लिया जाए तो देवर्षि नारद जी, उन्होंने संसार की समस्याओं को देखा, तीर्थ की समस्याओं को देखा,संतों की समस्याओं को दिखा, समाज की समस्याओं को देखा परिवार की समस्याओं को दिखा खोज के लिए निकले किंतु उसका समाधान यदि किसी के पास मिला तो संतो के पास मिला। संतों ने ही उसका समाधन दिया और उस समाधान का नाम है सत्संग, ज्ञान यज्ञ। ज्ञान यज्ञ ही हर समस्या का समाधान है , पतित से पतित व्यक्ति भी परमात्मा को प्राप्त कर सकता है उसका अधिकार है परमात्मा से मिलना। गोकर्ण जी महाराज ने धुंधकारी जैसे प्रतीत को भी परमात्मा से मिला दिया सत्संग के माध्यम से ज्ञान यज्ञ के माध्यम से। पुरुषार्थ करने के बाद भी कई बार व्यक्ति को समस्या का समाधान नहीं मिल पाता है । देवर्षि नारद जी महाराज ने वेदव्यास जी महाराज को भी समस्या का समाधान दिया । वह भी समाधान सत्संग ही था, व्यक्ति के जीवन में सत्संग मिलता है तो निश्चित रूप से उसका उद्धार होता है दुख से छुटकारा होता है। परमात्मा की शरण जाने के बाद भी समस्याएं आती रहेगी किंतु संतों से उसका समाधान होता रहेगा यह राजर्षि परीक्षित के चरित्र से सीखने लायक है कभी भी प्रमाद युक्त मत बनो , प्रमाद ही मृत्यु है और यदि कोई अपराध हो भी जाए तो खड़े होकर के चलना सीखो उसका भी समाधान मिलेगा। हार कर मत बैठो जो हार जाता है वो हरि तक कभी नही पहुंचता है, और जो नहीं हारता है उसका हाथ हरि पकड़ करके चलता है। हरो मारो मत सदा बढ़ते रहो यही मानव जीवन का लक्ष्य है और यही भागवत सिखाता है। इस अवसर पर कथा के मुख्य यज्ञमान श्रीमती पुष्पा गोविंद तिवारी, अमृता अवधेश तिवारी, प्रज्ञा अभिषेक तिवारी के साथ बडी संख्या में धर्म प्रेमियों की उपस्थिति रही।

## न्याय महारैली आज



**दमोह।** जननायक सुखलाल कुशवाहा पूर्व सांसद की 62वीं जयंती पर अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद की 5 जनवरी 2026 सोमवार को दोपहर 12 बजे तहसील ग्राउंड पर आयोजित न्याय महारैली को लेकर । एक निजी होटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। आयोजको ने बताया कि रैली का उद्देश्य सामाजिक न्याय पिछड़ा वर्ग में फैली कुरीतियों को मिटाने और सामाजिक सौहार्द को लेकर राष्ट्रीय वक्ता एवं प्रादेशिक वक्ता जिनके संजय सिंह सासंद राज्यसभा सुभाषिनी, शरद यादव, हिना, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघु ठाकुर वरिष्ठ समाजवादी विचारधारा डी.पी. यादव, पूर्व सांसद कैलाश कुशवाहा, विधायक पोहरी सुरेश राजे, विधायक डबरा तरवर सींग लोधी, बैजनाथ कुशवाहा, अजय टंडन, राजा पटैरिया, पूर्व विधायक नागमणि कुशवाहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा कुशवाहा, महासंघ बिहार अपना संबोधन देगे। आयोजक कार्यक्रम प्रभारी बसंत कुशवाहा ने बताया कि म.प्र. के समस्त जिलो से दमोह जिले के कुशवाहा समाज ओ.बी.सी. महासभा एवं अन्य समाजो को हजारो लोगो की उपस्थिति में यह समागम होगा। अतः न्याय महारैली की महासभा के मंच पर उपस्थित प्रबुद्धजनों का संबोधन सुनने सभा में आप सभी आमंत्रित है। प्रभारी बसंत कुशवाहा, समता परिषद के संरक्षक मदन कुशवाहा, मानक पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, मनु मिश्रा पूर्व नपाध्यक्ष, योगेन्द्र कुशवाहा, प्रदीप पटैल, अशोक क्रांति सेना अध्यक्ष डालचंद कुशवाहा, शिवशंकर कुशवाहा, रवि पटैल, ओ.बी.सी. महासभा प्रदीप पटेल, मुकेश रोहिताश, राव लाखन सिंह, पुरूषोत्तम कुशवाहा, राघवेन्द्र कुशवाहा ने कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति अपील की है।

## शव मिलने से गुबरा में सनसनी



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिंग्रामपुर

रविवार सुबह दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर गुबरा गांव स्थित गुरु कृपा होटल के पास एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हाईवे किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल जबेरा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की। पुलिस जांच में मृतक की पहचान दमोह निवासी दयाराम काढ़ेरे के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक दयाराम काढ़ेरे तीन-चार दिन पूर्व घूमने के उद्देश्य से क्षेत्र में आए थे। प्रारंभिक जांच में अत्यधिक ठंड के कारण मृत्यु की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जबेरा अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुरेनहाउ निवासी पीतम साहू ने बताया कि अशोक काढ़ेरे उनके पड़ोसी हैं और मृतक दयाराम काढ़ेरे उनके फूफा लगते हैं। पुलिस के माध्यम से सूचना मिलने पर अशोक काढ़ेरे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके फूफा घूमने के लिए आए थे और गुबरा के पास मृत अवस्था में मिलने की खबर से परिवार गहरे सदमे में है। घटनास्थल पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के साथ प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, सैनिक शिव विश्वकर्मा, जानकी एवं एनआरएस राहुल दुबे सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हाईवे किनारे शव मिलने की इस घटना से क्षेत्र में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

## माँ कर्मा देवी स्वागत द्वार का हुआ भव्य लोकार्पण

**हटा।** नगर के माँ कर्मा देवी चौराहा (अंधियारा बगीचा) पर रविवार को नवनिर्मित माँ कर्मा देवी स्वागत द्वार का लोकार्पण विधायक उमादेवी लालचंद खटीक द्वारा साहू समाज एवं नगर के गणमान्य जनो की गरिमामय उपस्थिति में भव्यता के साथ मां कर्मा देवी का पूजन आरती कर किया गया। इस दौरान विधायक उमादेवी खटीक ने सामाजिक जनो को संबोधित कर कहा कि आप सबने इतना स्नेह दिया उसकी में सदैव आभारी रहूंगी, आपने जो मांगे रखी है, उन्हें हम पूरा करने का प्रयास करेंगे, इस दौरान उन्होंने मंच पर विराजमान समाज के वरिष्ठ जनो का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया और द्वार का लोकार्पण। वहीं साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने कहा कि संगठन में शक्ति है एवं विधायक जी से सिर्फ एक बार के कहने पर उन्होंने एक महीने में ही हमारी मांग को पूरा करते हुए माँ कर्मा देवी के नाम से समाज के लिए गौरवशाली स्वागत द्वार समर्पित किया है। हम उनका धन्यवाद ज्ञापित करते है और मांग करते है कि रनेह, हिनोता, मड़ियादो, हिंडोरिया आदि क्षेत्र में भी स्वागत द्वार लगाए जाएं एवं हटा साहू समाज के लिए 100× 100 की शासकीय भूमि प्रदाय की जाये। उन्होंने बताया कि उक्त स्थान का नाम पूर्व में हटा नगर पालिका द्वारा अंधियारा बगीचा नाम बदलकर माँ कर्मा देवी चौराहा कर दिया था, नगर पालिका परिषद हटा का भी धन्यवाद, अब यहां विधायक निधि से स्वागत द्वार लग गया है, यह समाज के लिए गौरव का अवसर है। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि महेश पप्पू साहू सतना, प्रदेश महामंत्री कमलेश नायक, प्रदेश मीडिया प्रभारी लखन साहू, पन्ना जिला काशीराम साहू, नारायण साहू, बालचंद साहू, शरण साहू, भगवत, अनिल, रामचरण साहू, अध्यक्ष मैहर जिला अध्यक्ष दीपक साहू, युवा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद साहू, तहसील अध्यक्ष मैहर रामेश्वर गुड्डू साहू, सतना जिला अध्यक्ष दीपेंद्र साहू, नागोद अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा द्वारा। इसके उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं फूल माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन गजेंद्र साहू शिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान रनेह साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक, महेंद्र साहू दमोह, हिनोता अध्यक्ष विनोद साहू, अन्नू साहू, मड़ियादो, फतेहपुर कुंडलपुर अध्यक्ष रामकुमार कुम्मी साहू, किशुनगंज गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में हटा साहू समाज के वरिष्ठ एवं युवा वर्ग की उपस्थिति रही।

## 10 फुट का अजगर दिखने से सिंग्रामपुर में मचा हड़कंप



**सिंग्रामपुर।** दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर सिंग्रामपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब राय पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे करीब 10 फुट लंबा विशालकाय अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखते ही पेट्रोल पंप पर मौजूद लोग और राहगीर घबरा गए, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पेट्रोल पंप मैनेजर युसूफ खान ने तत्काल वन विभाग को अवगत कराया। सूचना पाते ही वन विभाग की टीम और सर्प मित्र मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इस दौरान अजगर को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे वन विभाग की टीम ने समझाइश देकर नियंत्रित किया। वन विभाग के अनुसार डिप्टी रेंजर प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में सर्प मित्र मुकेश सपेरा और राजकुमार ने अजगर को सुरक्षित पकड़कर सिंग्रामपुर की हरदुआ बीट के जंगल में छोड़ दिया। समय रहते रेस्क्यू होने से एक बड़ा हादसा टल गया और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

## राज्यमंत्री श्री लोधी ने काफिला रोककर जाना घायलों हाल चाल

**दमोह।** जबेरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम डूमर और सिमरी के बीच बाईक पर सवार युवक, बच्चा एवं महिला की टक्कर जंगली जानवर से हो गई थी। इस दौरान क्षेत्रीय भ्रमण पर जा रहे प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपना काफिला तत्काल रुकवाया और मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। जंगली जानवर से टक्कर के कारण बाइक सवार युवक, महिला एवं बच्चे दुर्घटनाग्रस्त हुए, परंतु गनीमत रही कि सभी सुरक्षित हैं एवं किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

## नर्मदा परिक्रमा से लौटे यात्रियों का हुआ भव्य स्वागत



**हिंडोरिया।** नगर में मां नर्मदा परिक्रमा से लौटे यात्रियों का नगर वासियों,परिजनों वा मित्रों के द्वारा फूल माला पहनकर पुष्पवर्षा के साथ नाचते गाते जोरदार स्वागत किया गया। नगर चौराहे पर ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया गया यात्रा से लौटे प्रमोद उपाध्याय, सतीश उपाध्याय ने बताया कि परिक्रमा की शुरुआत ओमकालेश्वर से प्रारंभ होकर गुजरात के भरूच ( अरब सागर ) तक की गई यात्रा के दौरान अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, होशंगाबाद, महेश्वर , बड़वानी, राजपिपला आदि स्थानों से होते हुए गए। शोभा यात्रा के साथ मुख्य बाजार क्षेत्र के हनुमान मंदिर पर आए जहां पर सभी यात्रियों ने भगवान की पूजा अर्चना की इसके बाद मुख्य बाजार क्षेत्र में सम्मान समारोह सभा का आयोजन किया गया जिसमें नर्मदा परिक्रमा पर गए आचार्य मनोज तिवारी , प्रमोद उपाध्याय, सतीश उपाध्याय,अमर पाण्डेय, राजेंद्र साहू आदि का पुष्प वर्षा कर साल एवं श्रीफल देकर सभी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा संयम,श्रद्धा और ईश्वर के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाती है जब मनुष्य तप और त्याग के साथ माता नर्मदा के तटों पर चलता है तो उसके जीवन में नई आध्यात्मिक ऊर्जा आती है यह परिक्रमा केवल यात्रा नहीं जीवन को पवित्र बनाने बाला तप है नर्मदा माता की परिक्रमा से नगर और समाज का आध्यात्मिक वातावरण निर्मल होता है इसके बाद अनेक नर्मदा यात्रियों से अपने अपने विचार रखे एवं अपने यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया तत्पशचात लोगों द्वारा सभी यात्रियों को बैंड बाजे के साथ साथ उनके घरों तक भेजा गया उक्त अवसर पर रामसिंह ठेकेदार, पार्षद अन्नू राजपूत, सुधांशु चौबे, प्रेमनारायण प्यासी, भगीरथ पटेल, रीतेश विश्वकर्मा, पार्षद प्रेमनारायण सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## 800 से अधिक को मिला नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा बंसल हॉस्पिटल सागर के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को चौधरी मंदिर धर्मशाला, फुटेरा वार्ड क्रमांक 2 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से 800 से अधिक नागरिकों ने पहुंचकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आर के जैन, राष्ट्रीय संयोजक स्वास्थ्य एल सी जैन, क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती कविता बजाज, श्रीमती समीक्षा बजाजडॉ चेतन जैन, डॉ आई सी जैन, डॉ सुदेश जैन, मनोज जैन मंटू की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर जैन ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा द्वारा आयोजित यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल है, जिससे आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकों का मार्गदर्शन एक ही स्थान पर प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आर.के. जैन ने कहा कि जैन मिलन द्वारा निरंतर समाजोपयोगी कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर जैसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंदों को समय पर उपचार का अवसर प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय संयोजक (स्वास्थ्य) एल.सी. जैन ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से बीमारियों की समय रहते पहचान संभव होती है, जिससे गंभीर समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती कविता बजाज ने कहा कि सेवा और सहयोग जैन समाज की परंपरा रही है। इस शिविर में महिलाओं, वरिष्ठजनों एवं गरीब वर्ग को विशेष लाभ मिला है, जो अत्यंत सराहनीय है। श्रीमती समीक्षा बजाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सामूहिक सहभागिता से ही ऐसे सफल आयोजन संभव हो पाते हैं। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा एवं बंसल हॉस्पिटल सागर का यह प्रयास अनुकरणीय है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन मिलन का उद्देश्य केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित न रहकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना है। इसी भावना के साथ यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, ताकि आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएँ उनके ही शहर में उपलब्ध हो सकें। बंसल हॉस्पिटल सागर के चिकित्सकों, सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बंसल हॉस्पिटल सागर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों में डॉ. रोहित कुमार नामदेव (मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन), डॉ. विकास गुप्ता (किडनी रोग एवं ट्रांसप्लांट फिजीशियन), डॉ. महेन्द्र पाल सिंह (कैंसर सर्जन), डॉ. शिवम गौर (न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन), डॉ. किशोर कोसेलिया (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. चेतन वि. शेंडे (ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ. विजय भास्कर राव (जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं लेजर सर्जन), डॉ. अभिषेक जैन (नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन), डॉ. अजय जैन (डायबिटीज, कार्डियोमेटाबोलिक एवं क्रिटिकल केयर), तथा डॉ. राघवेन्द्र नरेला (मुख एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन), डॉ आशी जैन फिजियोथैरेपिस्ट शामिल रहे। शिविर के दौरान मूत्र रोग, किडनी, हृदय, कैंसर, न्यूरो व स्पाइन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, डायबिटीज तथा दंत रोगों से संबंधित मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। आयोजन को लेकर नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक डबुल्या एवं आभार संजीव शाकाहारी ने प्रकट किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की सफल आयोजन में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन माम्मा, संजीव शाकाहारी, सचिंद्र जैन, अवध जैन शिक्षक, राकेश हरदुआ, जवाहर जैन, अरुण जैन कोर्ट, दिलेश चौधरी, सुधीर जैन, विनय जैन, विवेक डबुल्या, महेंद्र जैन सोमखेड़ा, सुनील वेजीटेरियन, शैलेंद्र मयूर, राजेश हिनौती, राकेश पलंदी, आनंद बीएसएनल, सौरभ महिंद्रा, संतोष अविनाशी, प्रमोद बड़कुल, राजेश ओशो का विशेष सहयोग रहा।

## कांग्रेस ने विधायक निवास पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई 16 मौते एवं कई परिवार जो बीमार होकर अस्पतालों में इलाजरत है उससे लेकर कांग्रेसजनो ने विधायक निवास पहुंचकर म.प्र. की भाजपा की सोयी सरकार को जगाने घंटा बजाकर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि इंदौर सबसे स्वच्छ शहर के नाम पर विख्यात है वहा इस तरह की घटना होना चिंतनीय है और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय बेतुका बयान घंटा कहना निदनीय है। मोहन सरकार को ऐसे मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। मनु मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष, संजय चौरसिया अध्यक्ष जिला कांग्रेस सेवादल, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलू भटट, डी.पी. पटैल, प्रदीप पटेल, रजनी ठाकुर, लालचंद राय, विजय बहादुर, अमर सींग, रोहन पाठक, लाखन सिंह, गीता लोधी, अजय जाटव, अमित नामदेव ने भी नारेवाजी करते हुए कहा कि जिन मासूमो की एवं जिन व्यक्तियों की दूषित पानी पीने से असमय मौते हुई है उन मौतो को जिम्मेवार इंदौर महापौर की एवं नगरीय प्रशासन मंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये किन्तु गूंगी बहरी सरकार के मुंखिया घरना के समय एक कार्यमक्रम में हस रहे थे। प्रदर्शन कारियों में पार्षद जाशान पठान, रफीक खान, अमर सींग, बिन्दू पटोटया, राघवेन्द्र सिंह, पप्पू कुशवाहा, नीलेश यादव, बकील कुरैशी, पप्पू लारिया सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

### हटा में विधायक निवास के बाहर बजाया घंटा



**हटा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हटा द्वारा रविवार की दोपहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौतों एवं हजारों लोगों के बीमार होने पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से पत्रकार द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में घंटा जैसे शब्द का उपयोग करने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ जी के निज निवास पर सभी कांग्रेसी एकत्रित होकर घंटा बजाते हुए हटा विधायक के निज निवास विरोध प्रदर्शन के लिए निकले वही रास्ते में तीनबत्ती चौराहे पर टी सुधीर बेगी एवं उनकी टीम ने कांग्रेसियों को रोककर घंटो को जप्त किया इसी बीच कांग्रेसियों ने नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ कांग्रेस वरिष्ठ नेता घनश्याम यादव प्रदीप खटीक रामनाथ राय राजाराम साहू हाकम सिंह पार्षद अंजर खान कैलाश ताम्रकार महेंद्र राय राजेश यादव विनोद बर्मन विवेक जैन शंकर बर्मन प्रदीप दुबे पटेरा से गोलू चौरसिया अवधेश पटेरिया इमरान खान योगेश सेन अमन खरे राकेश छक्कू सोनी बडडू कोरी राजू ताम्रकार आदि कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## गवर्नमेंट ग्राउंड क्रिकेट टूर्नामेंट: पुलिस 11 व स्टार 11 की शानदार जीत

**दमोह।** गवर्नमेंट ग्राउंड में स्वामी विवेकानंद विकास एवं सेवा समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले रोमांचक रहे। पहले मुकाबले में पुलिस 11 ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मुकाबला स्टार 11 और ब्लैक पैंथर के बीच खेला गया, जिसमें स्टार 11 ने एकतरफा जीत हासिल की। स्टार 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आदिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 84 रनों का अहम योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आदिल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लैक पैंथर की टीम दबाव में ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और महज 73 रनों पर सिमट गई। टीम निर्धारित 12 ओवर भी नहीं खेल सकी और एक के बाद एक बल्लेबाज पवेलियन लौटते रहे। इस जीत के साथ ही स्टार 11 ने टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश भारद्वाज, राजेंद्र चौरसिया, अरुण सोनी तथा शिवम द्विवेदी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। मैच का कुशल संचालन कॉमेंटेटर शिव शंकर पटेल और गणेश सेन ने किया।

